PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Nai Dunia, New Delhi**
**Thursday 6th February 2014, Page: 9**
**Width: 7.75 cms, Height: 7.75 cms, a4, Ref: pmin.2014-02-06.33.89**

# रेनबैक्सी का घाटा कम हुआ



■ टौंसा प्लांट को लेकर कंपनी ने अपना जवाब अमेरिकी एफडीए को सौंप दिया है

**मुंबई (एजेंसी)।** साल 2013 की चौथी तिमाही में रेनबैक्सी का घाटा कम होकर 159 करोड़ रुपए रह गया। 2012 की चौथी तिमाही में कंपनी को 492.4 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।

2013 की चौथी तिमाही में रेनबैक्सी की आय 6.7 फीसद बढ़कर 2,894 करोड़ रुपए रही। 2012 की चौथी तिमाही में कंपनी की आय 2,711 करोड़ रुपए रही थी। साल 2013 की चौथी तिमाही में रेनबैक्सी को 113 करोड़ रुपए का विदेशी मुद्रा में मुनाफा हुआ। 2012 की चौथी तिमाही में कंपनी को 208 करोड़ रुपए का फॉरेक्स घाटा हुआ था। रेनबैक्सी का कहना है कि टौंसा प्लांट को लेकर कंपनी ने अपना जवाब अमेरिकी एफडीए को सौंप दिया है।